मेरी आवाज सुनो...

केबल के सहारे खड़ा है बिजली का टूटा खंभा

राष्ट्रीय खेल दिवस पर तीन दिन तक होंगी प्रतियोगिताएं

मेजर ध्यानचंद की जयंती पर 28 से 30 अगस्त तक होंगे मुकाबले

city sports

संवाद न्यूज एजेंसी

प्रयागराज। क्षेत्रीय खेल कार्यालय की ओर से राष्ट्रीय खेल दिवस-2026 पर खेलेगा भारत, जीतेगा भारत अभियान के प्रतियोगिता और संडे ऑन साइकिल रैली होगी। इसका उद्देश्य बच्चों और युवाओं को खेलों से जोड़ना व नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना होगा।

क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी शिव कुमार यादव की ओर से बताया गया कि 28 अगस्त को मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में सुबह छह बजे योगासन कराया जाएगा। 29 को जिला स्तरीय 14 वर्षीय

एक दिन पहले करानी होगी प्रविष्टि: जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक बालक व बालिका हॉकी खिलाड़ी और टीमें प्रतियोगिता से एक दिन पहले आयोजन स्थल पर पहुंचकर अपनी प्रविष्टि करा सकेंगी।

30 अगस्त को निकलेगी साइकिल रैली:30 अगस्त को संडे ऑन साइकिल रैली सुबह आठ बजे अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से शुरू होगी। खेल विभाग साइकिल रैली के जरिये फिटनेस

नॉर्दन फुटबॉल अकादमी ने जीती सीरीज

प्रयागराज। फुटबॉल लीग में नॉर्दन फुटबॉल अकादमी ने आगा फुटबॉल क्लब अहमदाबाद को हराकर सीरीज 2-1 से अपने नाम की है। 24 अगस्त को अहमदाबाद में हुई प्रतियोगिता के आखिरी मुकाबले में नॉर्दन फुटबॉल अकादमी के वेदांत त्रिपाठी ने तीन गोल किए। इसके अतिरिक्त हर्षित ओझा और उज्ज्वल उपाध्याय एक-एक गोल कर टीम को जीत दिलाई। संवाद

बालक और बालिका वर्ग में गंगापार चैंपियन

प्रयागराज। बीबीएस इंटर कॉलेज में बुधवार को जूडो प्रतियोगिता हुई। उद्घाटन बीबीएस कॉलेज ग्रुप के प्रबंधक डॉ. रणजीत सिंह ने किया। प्रतियोगिता में चार टीमों ने भाग लिया। बालक और बालिका वर्ग में गंगापार की टीम चैंपियन रही। खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। संचालन रश्मि शुक्ला ने किया। आयोजन राजपाल यादव ने किया। निर्णायक मंडल में श्याम सिंह यादव, विनीत सिंह यादव, सुनील सिंह यादव, सुरेंद्र गिरि और मुनील धुरिया रहे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रजनी शर्मा, अली अहमद खान, विरेंद्र कुशवाहा, विनीता पटेल व श्वेता तिवारी मौजूद रहीं। संवाद

ओपीडी

एसआरएन अस्पताल

बृहस्पतिवार - सुबह नौ से दोपहर दो बजे तक

- **मेडिसिन** : (कमरा नं. 1/19)-डॉ. आनंद सिंह (कमरा नं. 1/12)-डॉ. अजीत कुमार चौरसिया, (कमरा नं.1/13) - डॉ. आशीष राय, (कमरा नं.1/20) - डॉ. रजनीश कुमार तिवारी, (कमरा नं.2/6)-विभु मिश्रा।
- **सर्जरी** : (कमरा नं. 2/39) -डॉ. राहुल सिंह, (कमरा नं. 2/22)- डॉ. अखिलेश कुमार यादव, (कमरा नं.1) - डॉ. आशीष सिंह, (कमरा नं. 3)-डॉ. पंकज सिंह
- **त्वचा रोग** : (कमरा नं. 3/7) -डॉ. एसके ओझा।
- **दांतो चेस्ट** (कमरा नं. 3/1)

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा
11-ए/4, नसीबपुर, वख्तियारा, अशोक नगर, प्रयागराज-211001
ई-मेल : sarali@bankofbaroda.co.in, मो0न0- 9554956629

बिक्री सूचना

अचल सम्पत्तियों के बिक्री के लिए बिक्री सूचना
"परिशिष्ट- IV-A [नियम 8 (6) सपठित नियम 9 (1) के प्रावधान को देखें]

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) और नियम 9 (1) के प्रावधान के तहत ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा **जनसाधारण एवं ऋणी, बंधककर्ता, जमानतकर्ता तथा कानूनी वारिसों** को विशेष रूप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति/बंधक/भारयुक्त सम्पत्ति को, जिसे **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **सांकेतिक कब्जे** में लिया गया है को बैंक के निम्नलिखित खाते के बकाया वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **"जो है जहाँ है"**, **"जो है जैसा है"** एवं **"जो कुछ भी है"** के आधार पर बिक्री का प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। ऋणी/बंधककर्ता/जमानतकर्ता/कानूनी वारिसों /प्रतिभूति आस्ति/देय/आरक्षित मूल्य/ई -नीलामी की तिथि एवं समय, धरोहर राशि (ईएमडी) एवं बिड बढ़ोतरी राशि का विवरण निम्नलिखित है:-

बोली की तारीख और समय: 15.09.2026, दोपहर 02:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक | ईएमडी की अंतिम तिथि और समय: 14.09.2026, शाम 05:00 बजे तक

क्र0 सं0	ऋणियों/ जमानतकर्ताओं/ बंधककर्ताओं का नाम एवं पता	अचल सम्पत्तियों का संक्षिप्त विवरण क्षेत्र मार्ग के साथ, यदि कोई हो	कुल बकाया राशि	ई-नीलामी की तिथि / ई-नीलामी का समय (घंटों की क्रमिक वृद्धि के साथ)	आरक्षित धनराशि / अग्रिम धनराशि / बिड बढ़ोतरी राशि	कब्जे की स्थिति (सांकेतिक/भौतिक)	सम्पत्ति निरीक्षण के लिए अंतिम तिथि एवं समय
1.	**ऋणी-श्री आशीष कुमार पुत्र** श्री राजेंद्र प्रसाद साहू एवं **श्रीमती नीलम साहू** पत्नी श्री आशीष कुमार दोनों का पता- 1- 277/266, नई बस्ती, कीडगंज, प्रयागराज 211003, **पता-2-** मकान संख्या 222 (पुराना) 426 (नया), मोहल्ला कटघर, परगना और तहसील सदर, जिला प्रयागराज-211003 **पता-3-** 229/268, नई बस्ती, कीडगंज, प्रयागराज-211003	सम्पत्ति बंधक संपत्ति का सभी भाग एवं भूखण्ड मकान संख्या 222 (पुराना) 426 (नया) का शेष भाग, जोकि मोहल्ला कटघर, परगना और तहसील सदर, जिला प्रयागराज में श्री आशीष कुमार पुत्र श्री राजेंद्र प्रसाद साहू और श्रीमती नीलम साहू पत्नी श्री आशीष कुमार के नाम से स्थित है। क्षेत्रफल- 171.63 वर्ग मीटर **सेल डीड के अनुसार चौहदी-पूरब-** 15 फीट चौड़ी सड़क, **पश्चिम-** मकान नंबर 214, **उत्तर-** अन्य (जे. मैसी) का मकान, **दक्षिण-** अन्य का मकान	दिनांक 19.08.2026 तक संविदात्मक बकाया राशि ₹ 72,29,889.99 + ब्याज + अन्य खर्च	15.09.2026 दोपहर 02:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक 14.09.2026 सांय 5.00 बजे तक	₹ 76,82,931/- ₹ 7,68,293.10 ₹ 10,000.00	सांकेतिक	दिनांक 14.09.2026 तक समय प्रातः 10.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक
2.	**ऋणी-श्री धुन्नेश सिंह** पुत्र श्री देवराज सिंह निवासी नयापुरा, दोहरिया, मेजा, प्रयागराज-212305	सम्पत्ति बंधक सम्पत्ति गाटा/प्लाट संख्या 814 मि., जोकि मौजा दोहरिया, टप्पा 64, परगना खैरागढ़, तहसील मेजा, जिला प्रयागराज में श्री धुन्नेश सिंह के नाम से स्थित है। क्षेत्रफल- 0.0340 हेक्टेयर **चौहदी-उत्तर-** छठ मार्ग (कच्चा) **दक्षिण-** मुजीर की शेष संपत्ति (देवराज सिंह) **पश्चिम-** मुजीर (देवराज सिंह) की शेष संपत्ति	दिनांक 19.08.2026 तक संविदात्मक बकाया राशि ₹ 29,57,195.07 + ब्याज + अन्य खर्च	15.09.2026 दोपहर 02:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक 14.09.2026 सांय 5.00 बजे तक	₹ 10,31,000/- ₹ 1,03,100/- ₹ 10,000.00	सांकेतिक	दिनांक 14.09.2026 तक समय प्रातः 10.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक
3.	**ऋणी- (1) मेसर्स इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सोलर सिस्टम प्रोपराइटर श्रीमती जमीला खातून** पत्नी स्वर्गीय मोहम्मद फ़ज़ल हुसैन कार्यालय डी-604, गोल्डन हाइट अपार्टमेंट, चौफटका, प्रयागराज 211011 (3090) एवं शरद 2, 202, मौसम विहार अपार्टमेंट, कालिंदीपुरम, राजरूपपुर, प्रयागराज-211011 और मकान संख्या 51, दौहीपुर प्रयागराज सिटी, प्रयागराज-211003 **जमानतकर्ता - श्री मोहम्मद शारिक हुसैन** पुत्र स्वर्गीय मो. फ़ज़ल हुसैन, **मो. शिराज हुसैन** पुत्र स्वर्गीय मो. फ़ज़ल हुसैन, **मो. जाहिर हुसैन** पुत्र स्वर्गीय मो. फ़ज़ल हुसैन और **श्रीमती नग़रा** फ़ज़ल पुत्री स्वर्गीय मोहम्मद फ़ज़ल हुसैन **सभी निवासी** - डी 604, गोल्डन हाइट अपार्टमेंट, चौफटका, प्रयागराज-211011 (3090) एवं शरद 2, 202, मौसम विहार अपार्टमेंट, कालिंदीपुरम, राजरूपपुर, प्रयागराज-211011 और मकान नंबर 51, दौहीपुर, प्रयागराज सिटी, प्रयागराज-211003	तीज पर ही गई अचल संपत्ति का वह पूरा हिस्सा जिसका क्षेत्रफल 640 वर्ग मीटर है, जो प्लॉट नंबर 1-5, मिनी इंडस्ट्रियल स्टेट, ग्राम मखदूमपुर, नेवादा, परगना और तहसील फाफामऊ, जिला प्रयागराज 212202 में श्रीमती जमीला खातून पत्नी स्वर्गीय मोहम्मद फ़ज़ल हुसैन के नाम से स्थित है। दिनांक 02.08.2011 की तीज **डीड के अनुसार चौहदी:- पूरब-** महाराज राइस मिल का प्लॉट संख्या 6 **पश्चिम-** प्रशासनिक क्वॉर्टर **उत्तर-** मिनी इंडस्ट्रियल स्टेट रोड **दक्षिण-** निजी खाली भूमि	दिनांक 19.08.2026 तक संविदात्मक बकाया राशि ₹ 77,29,014.71 + ब्याज + अन्य खर्च	15.09.2026 दोपहर 02:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक 14.09.2026 सांय 5.00 बजे तक	₹ 82,01,250/- ₹ 8,20,125/- ₹ 10,000.00	सांकेतिक	दिनांक 14.09.2026 तक समय प्रातः 10.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक
4.	**ऋणी-श्रीमती मीनाक्षी सिंह** पत्नी श्री अजीत कुमार सिंह और **श्री अजीत कुमार सिंह** पुत्र स्वर्गीय नेबू लाल सिंह दोनो निवासी 349/2M/1M, जादपुर सलोरी, सिविलयराज, जिला प्रयागराज **पता** ग्राम खानपुर, पोस्ट मेजा रोड, तहसील मेजा, जिला प्रयागराज-212305	सम्पत्ति का सभी भाग एवं भूखण्ड प्लॉट नंबर 306 मिन, जोकि ग्राम खानपुर, टप्पा 84, तहसील मेजा, परगना खैरागढ़, जिला प्रयागराज में श्रीमती मीनाक्षी सिंह पत्नी श्री अजीत कुमार सिंह के नाम से स्थित है। क्षेत्रफल 0.013 हेक्टेयर **चौहदी-उत्तर-** श्री अजीत कुमार सिंह का प्लॉट **दक्षिण-** ज्ञान चंद्र और अन्य का प्लॉट **पूरब-** ग्राम सभा की भूमि **पश्चिम-** बेनी माधव और अन्य का प्लॉट	दिनांक 19.08.2026 तक संविदात्मक बकाया राशि ₹ 41,93,882.76 + ब्याज + अन्य खर्च	15.09.2026 दोपहर 02:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक 14.09.2026 सांय 5.00 बजे तक	₹ 5,85,000/- ₹ 58,500/- ₹ 10,000.00	सांकेतिक	दिनांक 14.09.2026 तक समय प्रातः 10.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक
5.	**ऋणी-मेसर्स पूनम देवी** प्रोपराइटर **श्रीमती पूनम देवी** पत्नी श्री कृष्ण कुमार उर्फ प्रवल कुमार **पता-पंजीकृत पता** ग्राम एवं पोस्ट बरौत, तहसील हंडिया प्रयागराज-221503 **अनुसार चौहदी-पूरब** और प्रवाह का मकान **पश्चिम-** कृष्ण प्रसाद का मकान **उत्तर-** रास्ता और वस्तु का मकान **दक्षिण-** प्रवल उर्फ कृष्ण कुमार की भूमि	साधारण बंधक प्लॉट संख्या 533 के शेष भाग पर निर्मित भवन जोकि श्री प्रवल कुमार उर्फ श्री कृष्ण कुमार के स्वामित्व में है और श्रीमती पूनम देवी को पट्टे पर दिया गया है, तथा यह सम्पत्ति मौजा बरौत, परगना केवई, तहसील हंडिया, प्रयागराज-221503 में स्थित है। **क्षेत्रफल** 0.0110 हेक्टेयर **सेल डीड के**	दिनांक 19.08.2026 तक संविदात्मक बकाया राशि ₹ 28,60,537.40 + ब्याज + अन्य खर्च	15.09.2026 दोपहर 02:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक 14.09.2026 सांय 5.00 बजे तक	₹ 11,52,000/- ₹ 1,15,200/- ₹ 10,000.00	सांकेतिक	दिनांक 14.09.2026 तक समय प्रातः 10.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक
6.	**ऋणी-श्री तुलसीदास द्विवेदी** पुत्र राम सेवक द्विवेदी **जमानतकर्ता- श्रीमती निशा** देवी पत्नी श्री तुलसीदास द्विवेदी, दोनो निवासी मकान संख्या 119, नैनी मनैया, तहसील करछना, जिला प्रयागराज-212301	सम्पत्ति का सभी भाग एवं भूखण्ड मकान संख्या 119/आराजी संख्या 283/मौजा मनैया, परगना-जरैत, तहसील करछना, जिला - प्रयागराज में श्रीमती निशा देवी पत्नी श्री तुलसीदास द्विवेदी के नाम से स्थित है जिसका क्षेत्रफल 380.60 वर्ग मीटर है। **चौहदी- उत्तर-** लगभग 10 फीट चौड़ी छिक सालिम सड़क **दक्षिण-** आराजी संख्या 283 का भाग, **पूरब-** आराजी संख्या 283 का भाग **पश्चिम-** लगभग 15 फीट चौड़ी मनैया निक रोड,	दिनांक 19.08.2026 तक संविदात्मक बकाया राशि ₹ 25,30,336.85 + ब्याज + अन्य खर्च	15.09.2026 दोपहर 02:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक 14.09.2026 सांय 5.00 बजे तक	₹ 27,48,330/- ₹ 2,74,833/- ₹ 10,000.00	सांकेतिक	दिनांक 14.09.2026 तक समय प्रातः 10.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक

बिक्री की विस्तृत शर्तों व नियमों के लिए कृपया वेबसाइट लिंक https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm और https://baanknet.com देखें। इच्छुक बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी के मोबाईल नं0- 9839335551 से सम्पर्क करें।

दिनांक- 21.08.2026 | स्थान- प्रयागराज | प्राधिकृत अधिकारी, आर.ओ. सार्थ प्रयागराज, बैंक आफ बड़ौदा

14 फीट नाले पर चार फीट पाइप ने बढ़ाई मुसीबत

संवाद न्यूज एजेंसी

प्रयागराज। गौस नगर करेली स्थित बाजुपुर नाले की बदहाली से स्थानीय लोग हर बारिश में परेशान होते हैं। खुले 14 फीट चौड़े नाले को पाटकर चार फीट व्यास का ह्यूम पाइप डालने से पानी की निकासी बाधित हो गई है। पानी पाइप के ऊपर से होकर आसपास की आबादी में घुस जाता है।

हाल की बारिश में नाले की दीवार गिरी और बाजुपुर को ऐनुद्दीनपुर से जोड़ने वाली पुलिया भी बह गई, जिससे आवागमन रुक गया। नाले की कम क्षमता के कारण हजारों लोगों को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। बारिश होते ही जेके नगर, ऐनुद्दीनपुर, बाजुपुर, जफरे पुलिया, गड़हा कॉलोनी, एसडीएम चौराहा, जाफरी कॉलोनी सहित कई मोहल्लों में पानी भर जाता है। यह नाला कई क्षेत्रों का पानी ससुर खदेरी नदी की ओर ले जाता है, जिससे बड़ी आबादी प्रभावित हो रही है।

बाजुपुर नाले की बदहाली से जलभराव, आवागमन बाधित

कूड़े से जाम नाला। संवाद

बारिश के दौरान घर से निकलना तक मुश्किल हो जाता है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। प्रशासन को बारिश से पहले ही जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त करनी चाहिए। - **नदीम अली, स्थानीय निवासी**

जलभराव के कारण रोजमर्रा का कारोबार प्रभावित हो रहा है। सड़क पर पानी भरने से ग्राहक दुकान तक नहीं पहुंच पाते और कई बार सामान भी खराब हो जाता है। - **राईस अहमद, स्थानीय निवासी**

जहां जल निकासी में ह्यूम पाइप के कारण अवरोध उत्पन्न हो रहा है, उन्हें हटवाने का कार्य किया जा रहा है। नाले-नालियों पर किए गए अतिक्रमण को भी हटाया जा रहा है। अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। मैं खुद भी शहर में जगह-जगह जाकर इन मामलों का निरीक्षण कर रहा हूं।

- **गणेश केसरवानी, महापौर**

एसआरएन- प्रशासन नंबर 8005000168

एसआरएन- जनसंपर्क अधिकारी नंबर 8005000169

करेली से सिविल लाइंस तक कई सड़कें खराब

प्रयागराज। करेली और सिविल लाइंस इलाके में कई स्थानों पर सड़कें खराब होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। करेली में जेके आशियाना के पास एवन डेयरी से डॉक्टर मिश्रा क्लिनिक तक जाने वाली सड़क और जेके आशियाना बिस्मिल्लाह चौराहे से केडब्ल्यू नाला ट्रांसफार्मर मार्ग की सड़क खराब है। स्थानीय निवासी मो. नाजिम खां ने कहा कि सड़क जगह-जगह से खराब हो गई है। गड्ढों के कारण वाहन चलाने में परेशानी होती है। वहीं, हाजी गुलाम अहमद ने कहा कि खराब सड़क के कारण रात के समय गड्ढे दिखाई नहीं देते हैं। संवाद

टीजीटी संस्कृत का संशोधित परिणाम घोषित

प्रयागराज। शिक्षा सेवा चयन आयोग ने प्रशिक्षित स्नातक टीजीटी के संस्कृत विषय का संशोधित चयन परिणाम जारी किया है। यह परिणाम कुल 3539 पदों के सापेक्ष घोषित किया गया है। आयोग ने इसे अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है।

यह संशोधन अभिलेख सत्यापन प्रक्रिया के कारण किया गया है। निर्धारित तिथि पर कई अभ्यर्थी सत्यापन के लिए उपस्थित नहीं हुए थे। आयोग ने ऐसे अभ्यर्थियों के लिए पुनः एक तिथि निर्धारित की थी। इसके बावजूद अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों का चयन निरस्त कर दिया गया। यह निर्णय उच्च न्यायालय में दायर एक याचिका के आदेश के तहत लिया गया। याचिका संख्या 12062 पर 14 अगस्त 2026 को न्यायालय ने आदेश दिया था। इस आदेश के अनुपालन में यह कार्रवाई की गई। विषय से संबंधित एक तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया था। समिति में शामिल विषय विशेषज्ञों से अभिमत प्राप्त किया गया। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड चयन नियमावली के आधार पर संस्कृत विषय का परिणाम संशोधित किया गया है। ब्यूरो

अमान्य विद्यालयों और निजी कोचिंग पर कार्रवाई की मांगी रिपोर्ट

प्रयागराज। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों से रिपोर्ट मांगी है। यह रिपोर्ट जिलों में संचालित अमान्य विद्यालयों और निजी कोचिंग की गतिविधियों से संबंधित है।

परिषद ने अप्रैल में विद्यालयों के संचालन व नियमों के विपरीत चल रही निजी कोचिंग की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। इसमें अधिकतर जिलों में अभियान की कार्रवाई का विवरण शून्य ही रहा था। सचिव ने जिला विद्यालय निरीक्षकों से कार्रवाई का विवरण मांगा था जो उपलब्ध नहीं कराया गया।

परिषद ने अप्रैल में ही निजी कोचिंग और अमान्य विद्यालयों पर अंकुश लगाने के लिए निर्देश दिए थे। नौ जून-2025 को जारी शासनादेश में भी इस पर विशेष जोर दिया गया था। इसके बाद प्रत्येक जिले में एक समिति का गठन भी किया गया था। इस समिति का मुख्य कार्य अमान्य संस्थानों पर नजर रखना और कार्रवाई सुनिश्चित करना था लेकिन अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। ब्यूरो

इस बार सामान्य से 30 फीसदी अधिक बारिश

अगस्त के 25 दिनों में 496.3 मिमी हुई बारिश, 29 या 30 को खुलेगा मौसम

संवाद न्यूज एजेंसी

प्रयागराज। अनुमानों के विपरीत इस बार मानसून में झमाझम बारिश हुई है। 16 जून से लेकर अब तक सामान्य से 30 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई है। सिर्फ अगस्त के 25 दिनों में सामान्य से 148 फीसदी बारिश अधिक दर्ज की गई है।

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक मंगलवार की रात साढ़े आठ बजे तक 24 घंटे में 22.8 मिलीमीटर बारिश हुई है।

मौसम विभाग के अनुसार अब मानसून के जो भी दिन शेष बचे हैं उनमें इस बार की बारिश कई वर्षों का रिकार्ड भी तोड़ सकती है। आम तौर पर मानसून आने का समय 16 जून माना जाता है। मगर इस बार जून में हल्की बूंदाबांदी हो हुई।

मगर अगस्त महीने में 25 दिनों के भीतर 496.3 मिली मीटर बारिश दर्ज की गई है। यह सामान्य 200.2 फीसदी से 148 फीसदी अधिक है। इस वजह से अगस्त की बारिश ने सारी गणित बदल पूर्वानुमान ध्वस्त कर दिए हैं।

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक इस बार 16 जून से अब तक कुल 687.1 मिली मीटर बारिश दर्ज की गई है। जो सामान्य 528.9 मिली मीटर से 30 फीसदी अधिक है। इस बीच मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक बारिश की संभावना जताई है। ऐसे में 26, 27 व 28 अगस्त बूंदाबादी और बौछारें पड़ने का अनुमान है। फिर 29 व 30 अगस्त को आसमान साफ रहने के आसार हैं।

मौसम वैज्ञानिक इविवि के डॉ. शैलेश राय के मुताबिक बारिश का क्रम बने रहने के आसार हैं। बुधवार को बादल छाए रहेंगे। एक से दो बार बारिश या गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।

मंगलवार को प्रयागराज में बारिश चेरापूंजी की तर्ज पर हुई। सोमवार की दरमियानी रात से भोर तक फिर मंगलवार को पूरे दिन धूप-छांव के बीच रुक-रुक कर बारिश होती रही।

कभी धूप तो कभी छांव से एक पल में तेज धूप उमस बढ़ रही थी। वहीं अगले पल काले बादल छाने के बाद बारिश और बौछारों से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत भी मिल रही थी।

पानी टारगंज स्थित पक्के घाट से नीचे उतर गया। अमर उजाला

इस प्रकार के हालात लगभग पूरे दिन ही नहीं, रात में भी बने रहे। हालांकि दोपहर तीन बजे के बाद शाम सात बजे तक बारिश थमी रही। इसके बाद बूंदाबांदी होती रही। इस बीच बादलों की गड़गड़ाहट और हवाएं भारी बारिश का संकेत दे रही थीं।